मूल्य 1 रु.
वर्षः 12 - अंक : 197, मुंबई, बुधवार, 14 सितंबर, 2022 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादकः दिलशाद एस. खान

दैनिक
# मुंबई हलचल
भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®
अब हर सच होगा उजागर




## बीएमसी चुनाव में टिकट दिलाने का वादा कर
# महिला कार्यकर्ता से रेप
## पार्टी का विभाग प्रमुख था आरोपी



## मुंबई में एमएनएस नेता गिरफ्तार

**संवाददाता / मुंबई।** मुंबई में एक हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है। यहां पर महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) के एक पार्टी नेता को गिरफ्तार किया गया है। 43 वर्षीय नेता पर आरोप है कि उसने पार्टी की एक महिला के साथ रेप किया। महिला बीएमसी चुनाव में राज ठाकरे की पार्टी से टिकट चाहती थी। आरोप है कि नेता ने उसे टिकट दिलाने का लालच देकर उसका रेप किया।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

## बात करने के बहाने बुलाया

महिला का आरोप है कि टिकट दिलाने के बहाने उसने इस साल जुलाई में उसे बुलाया और उसके साथ जबरन बलात्कार किया। महिला का कहना है कि उसे आरोपी ने धमकी दी कि अगर यह बात किसी को बताई तो उसे वह टिकट नहीं दिलवाएगा।

### शीर्ष नेतृत्व तक पहुंचा मामला

महिला ने बताया कि आरोपी ने अपना वादा नहीं निभाया। उसे पार्टी में कोई पद नहीं दिया गया। परेशान होकर महिला ने उसकी शीकायत पार्टी नेतृत्व से की। शिकायत के बाद नेता को पार्टी के प्रमुख पद से हटा दिया गया। महिला के पुलिस से संपर्क करने के बाद गिरगांव के वीपी रोड थाने में दुष्कर्म का मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने बताया कि आगे की जांच की जा रही है।



## 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक शिंदे सरकार का 'सेवा पखवाड़ा'


### 15 दिन निपटाई जाएंगी जनता की शिकायतें

**मुंबई हलचल / संवाददाता**

**मुंबई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से लेकर महात्मा गांधी के जन्मदिन 2 अक्टूबर तक राज्य सरकार सेवा पखवाड़ा मनाएगी। यह फैसला सोमवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया। इस पखवाड़े में जनता की प्रलंबित शिकायतों का निपटारा त्वरित गति से किया जाएगा। सरकार ने इसे 'राष्ट्रनेता से राष्ट्रपिता सेवा पखवाड़ा' नाम दिया है।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

## पूरे पूर्वी लद्दाख से पीछे हटी भारत और चीन की सेना, मई 2020 से बना हुआ था तनाव



**नई दिल्ली।** भारत-चीन के सैनिक उन सभी क्षेत्रों से पीछे हट गए जहां मई 2020 में हिंसक झड़प के बाद तनाव बना हुआ था। सरकारी सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक भारत-चीन के सैनिक अब पूर्वी लद्दाख में गतिरोध के सभी क्षेत्रों से भी पीछे हट गए हैं। कोर कमांडर लेवल की 16वें दौर की बातचीत के बाद ये पूरी प्रक्रिया 8 सितंबर को शुरू हुई थी।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

# महाराष्ट्र में बारिश का कहर

## मौसम विभाग ने रायगढ़, रत्नागिरी और सतारा के लिए जारी किया 'ऑरेंज' अलर्ट



**मुंबई हलचल / संवाददाता**

**मुंबई।** मुंबई और आसपास के इलाकों में मंगलवार को सुबह भारी बारिश हुई तथा भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने मुंबई में और बारिश की संभावना जताई है। आईएमडी ने रायगढ़, रत्नागिरी और सतारा के लिए 'ऑरेंज अलर्ट' भी जारी किया है, जिसमें तीन जिलों में अलग-अलग स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश का अनुमान जताया गया है।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## हमारी बात

### नीतीश के बयान से आहत हैं पीके




**मुख्यमंत्री** नीतीश कुमार के बेहद खास रहे प्रशांत किशोर उनके एक बयान से बहुत आहत हो गए हैं और इसलिए उनके खिलाफ उनके धुर विरोधी नेताओं की तरह बयान देने लगे हैं। एक तरह से वे नीतीश कुमार के प्रति बदतमीजी दिखाने लगे हैं। नीतीश ने पिछले दिनों अपनी दिल्ली यात्रा में पीके के सुराज अभियान के बारे में पूछे जाने पर कह दिया कि उनको भाजपा में जाने का मन होगा या पीछे से भाजपा की मदद कर रहे होंगे। ध्यान रहे प्रशांत किशोर की दुखती रग भाजपा है। सोशल मीडिया में ऐसे लोगों की भरमार है, जो मानते हैं कि पीके अब भी भाजपा का ही काम कर रहे हैं और उनका मकसद विपक्ष के ध्रुवीकरण को विफल करना है। तभी वे नीतीश के बयान से बहुत आहत हुए। उन्होंने नीतीश पर खुल कर हमला करना शुरू किया। पहले तो एक ट्विट किया, जिसमें कई फोटोज थीं। इन फोटोज में नीतीश कुमार हाथ जोड़ कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने खड़े हैं या उनका अभिवादन कर रहे हैं। हालांकि तुरंत पीके को समझ में आया कि यह कोई अच्छी बात नहीं है क्योंकि वैसी किसी की भी फोटो आ सकती है। वीडियो में से एक क्षण के ऐसे फोटो निकाले जा सकते हैं, जब कोई किसी के सामने हाथ जोड़े हो। इसलिए उन्होंने फोटोज डिलीट कर दी। बाद में उन्होंने एक बयान दिया कि फेविकोल वालों को नीतीश कुमार को अपना ब्रांड एंबेसेडर बनाना चाहिए। यह भी बिना मतलब का बयान है और एक हद तक बदतमीजी का बयान है। नीतीश कुमार 17 साल से मुख्यमंत्री हैं तो इसलिए नहीं हैं कि वे फेविकोल लगा कर कुर्सी से चिपक गए हैं। उनके चेहरे पर पार्टियां चुनाव जीतती हैं तो वे मुख्यमंत्री बनते हैं। असल में पीके का फ्रस्ट्रेशन इस वजह से है कि विपक्ष को एकजुट करने का जो काम वे करना चाहते थे वह काम नीतीश कर रहे हैं।

# भारत जोड़ो यात्रा से क्यों चिंतित है भाजपा?

केरल में चल रही उनकी यात्रा की चर्चा देश के दूसरे हिस्सों में भी हो रही है और इससे राहुल और कांग्रेस का माहौल वहां भी बन सकता है। एक और कारण भी राजनीतिक इतिहास से जुड़ा है और वह ये है कि इस तरह की राजनीतिक यात्राएं हमेशा सफल हुई हैं और जिस मकसद को लेकर यात्राएं हुई हैं वो मकसद पूरा हुआ है। सो, ये कारण हैं, जिनकी वजह से भाजपा को राहुल की भारत जोड़ो यात्रा से चिंता हुई है और इस चिंता में भाजपा के नेता लगातार राहुल को निशाना बनाने लगे हैं। भाजपा में इधर उधर से भर्ती किए गए प्रवक्ताओं व टेलीविजन वक्ताओं, प्रतिबद्ध एंकर व पत्रकार, सोशल मीडिया के फ्रीलांस लड़ाके और भाजपा के दिग्गज नेता सब राहुल पर हमला कर रहे हैं। उनकी टीशर्ट और जूतों का मुद्दा उठाया जा रहा है। इससे लग रहा है कि, जो भाजपा अब तक उनका मजाक उड़ा रही थी वह अब उनसे गंभीरता से लड़ रही है।



**कांग्रेस** को भी अंदाजा नहीं रहा होगा कि उसकी भारत जोड़ो यात्रा को शुरूआत में ही इतना अच्छा रिस्पांस मिलेगा और यात्रा से भाजपा में चिंता व डर का भाव पैदा होगा। राहुल की कमान में हो रही इस यात्रा से सचमुच भाजपा को चिंता में डाला है। इस चिंता के कई कारण हैं। सबसे पहला कारण तो यह है कि भाजपा को लग रहा है कि इस यात्रा से कांग्रेस को पुनर्जीवन मिल सकता है। कांग्रेस रिवाइव हो सकती है। लगातार दो लोकसभा चुनाव की बड़ी हार और तीन दर्जन से ज्यादा विधानसभा चुनावों में मिली हार के साथ साथ पार्टी में हो रही टूट-फूट से कांग्रेस बिल्कुल पस्त है। भाजपा को लग रहा है कि एक और धक्के में कांग्रेस को ऐसे गहरे गड्ढे में गिराया जा सकता है, जहां से उसकी वापसी संभव नहीं होगी। भारत जोड़ो यात्रा से अगर कांग्रेस रिवाइव हो जाती है तो भाजपा का मकसद पूरा नहीं होगा। भाजपा को कांग्रेस का रिवाइवल क्यों संभव लग रहा है, इसे समझना भी मुश्किल नहीं है। राजनीतिक इतिहास का ज्ञान रखने वाले हर व्यक्ति को इसके बारे में पता है। इसमें दो बातें ध्यान रखने की हैं। पहली यह कि कांग्रेस पार्टी हमेशा दक्षिण भारत से रिवाइव हुई है और दूसरी यह कि उत्तर भारत का कोई भी राजनीतिक नैरेटिव या लोकप्रिय राजनीतिक विमर्श दक्षिण भारत की राजनीति को ज्यादा प्रभावित नहीं करता है।

नरेंद्र मोदी की परिघटना भी पिछले दो चुनावों में दक्षिण भारत में कोई असर नहीं डाल पाई। न उनका विकास का मॉडल चला और न गुजरात की प्रयोगशाला का मॉडल चला। कर्नाटक में भाजपा जरूर जीती लेकिन वह बीएस येदियुरप्पा के मॉडल के कारण जीती। तभी अगले साल होने वाले चुनाव से पहले येदियुरप्पा को भाजपा संसदीय बोर्ड का सदस्य बनाया गया है और पार्टी ने एक तरह से चुनाव उनके हवाले कर दिया है। सिर्फ मोदी ही नहीं जेपी और वीपी सिंह की परिघटना का भी दक्षिण भारत में कोई असर नहीं हुआ था। जहां तक दक्षिण भारत से कांग्रेस को पुनर्जीवन मिलने की बात है तो वह कई चुनावों में प्रमाणित हुआ है। जयप्रकाश नारायण यानी जेपी के आंदोलन और इमरजेंसी के बाद हुए चुनाव में कांग्रेस पूरे देश में हारी थी लेकिन दक्षिण भारत में उसने शानदार जीत दर्ज की थी। उत्तर प्रदेश से लेकर बिहार, मध्य प्रदेश समूचे हिंदी पट्टी में कांग्रेस साफ हो गई थी। उसे 198 सीटों का नुकसान हुआ था। इसके बावजूद उसे 154 सीटें मिली थीं। आंध्र प्रदेश और कर्नाटक की लगभग सभी सीटें कांग्रेस ने जीती थीं। केरल और तमिलनाडु में भी उसका प्रदर्शन अच्छा रहा था। पश्चिमी राज्यों महाराष्ट्र और गुजरात में भी कांग्रेस का प्रदर्शन अच्छा रहा था। इसी तरह 1989 के चुनाव में बोफोर्स कांड और वीपी सिंह की लहर में कांग्रेस पूरे उत्तर भारत से साफ हो गई थी लेकिन दक्षिण के चार राज्यों- आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, केरल और तमिलनाडु में उसने शानदार जीत दर्ज की थी।

1991 में जिस साल राजीव गांधी की हत्या हुई थी उस चुनाव में भी उत्तर भारत में कांग्रेस का सफाया हो गया था पर दक्षिण भारत ने इतनी सीटें दीं कि केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनी। फिर 2004 और 2009 के चुनावों में भी दक्षिण भारत के कारण ही केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनी। तभी भाजपा को चिंता है कि अगर दक्षिण में कांग्रेस रिवाइव हुई तो अगले चुनाव में उसकी बड़ी चुनौती होगी। चिंता का दूसरा कारण कर्नाटक है। कर्नाटक में भाजपा की सरकार है और अगले साल मई में चुनाव होने वाले हैं। राज्य में पार्टी की स्थिति बहुत अच्छी नहीं है तभी बीएस येदियुरप्पा को भ्रष्टाचार के आरोपों और 79 साल की उम्र के बावजूद भाजपा इतनी तरजीह दे रही है। इसके उलट कांग्रेस वहां बेहतर तैयारी कर रही है। राहुल की यात्रा 21 दिन तक कर्नाटक में रहेगी। अगर वे नैरेटिव बदलते हैं, पार्टी कार्यकर्ताओं में जोश भरते हैं और पार्टी को एकजुट होकर लड़ने के लिए तैयार करते हैं तो भाजपा को मुश्किल होगी। उसे अपनी राज्य सरकार बचानी है और उसके बाद लोकसभा की 25 जीती हुई सीटें बचानी हैं। चिंता का तीसरा कारण यह है कि अगर राहुल की भारत जोड़ो यात्रा को अच्छा रिस्पांस मिलता है और कांग्रेस के प्रति दिलचस्पी पैदा होती है तो कांग्रेस को अगले चुनाव से पहले सहयोगी मिलने में आसानी होगी। राजनीति का यह थम्ब रूल है कि अगर कोई पार्टी जमीन पर दिख रही है तो उसे सहयोगी मिलने में दिक्कत नहीं होती है। यात्रा सफल हुई तो कांग्रेस को सहयोगी भी मिलेंगे, कांग्रेस की अनदेखी बंद होगी और कांग्रेस अपनी शर्तों पर तालमेल करने में सक्षम होगी।

यह भी भाजपा के लिए अप्रिय स्थिति होगी। भाजपा की चिंता का चौथा कारण यह है कि इस यात्रा से राहुल गांधी की छवि बदल सकती है। उनके प्रति जो धारणा बनी है वह धारणा टूट सकती है। पिछले आठ-दस साल से निरंतर प्रचार के जरिए राहुल गांधी की 'पप्पू' वाली छवि बनाई गई है। अमित शाह अपने भाषणों में उनको राहुल बाबा कहते हैं। आजादी के बाद देश का कोई नेता नहीं है, जिसका इतना मजाक उड़ाया गया है, जितना राहुल गांधी का उड़ाया गया है। इसके बावजूद अगर राहुल गांधी थक हार कर या अपमानित होकर राजनीति से बाहर होने की बजाय डटे हुए हैं, उनकी स्पिरिट कमजोर नहीं हुई है और वे लगातार राजनीति कर रहे हैं तो तय मानें कि उनको खारिज नहीं किया जा सकेगा। देर-सबेर उनकी राजनीति सफल होगी। यह यात्रा उनकी राजनीति को सफल बनाने का मौका हो सकती है। चिंता का पांचवां कारण यह है कि अभी भले राहुल गांधी की यात्रा दक्षिण भारत में चल रही है और वहां कांग्रेस के रिवाइव होने से भाजपा पर कोई असर नहीं पड़ना है पर सोशल मीडिया के मौजूदा दौर में दक्षिण का मैसेज उत्तर पहुंचने में समय नहीं लगता है। केरल में चल रही उनकी यात्रा की चर्चा देश के दूसरे हिस्सों में भी हो रही है और इससे राहुल और कांग्रेस का माहौल वहां भी बन सकता है। एक और कारण भी राजनीतिक इतिहास से जुड़ा है और वह ये है कि इस तरह की राजनीतिक यात्राएं हमेशा सफल हुई हैं और जिस मकसद को लेकर यात्राएं हुई हैं वो मकसद पूरा हुआ है। सो, ये कारण हैं, जिनकी वजह से भाजपा को राहुल की भारत जोड़ो यात्रा से चिंता हुई है और इस चिंता में भाजपा के नेता लगातार राहुल को निशाना बनाने लगे हैं। भाजपा में इधर उधर से भर्ती किए गए प्रवक्ताओं व टेलीविजन वक्ताओं, प्रतिबद्ध एंकर व पत्रकार, सोशल मीडिया के फ्रीलांस लड़ाके और भाजपा के दिग्गज नेता सब राहुल पर हमला कर रहे हैं। उनकी टीशर्ट और जूतों का मुद्दा उठाया जा रहा है। इससे लग रहा है कि, जो भाजपा अब तक उनका मजाक उड़ा रही थी वह अब उनसे गंभीरता से लड़ रही है। यह अपने आप में एक बड़ी जीत है।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल, साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन: 9619102478 /9821238815
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान**, समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# मुंब्रा बाजार स्थित बनाया गया पैदल पुल की खस्ता हालत को लेकर एमआईएम द्वारा दिया गया रेलवे प्रशासन को शिकायत पत्र

**संवाददाता/समद खान**

**मुंब्रा।** मुंब्रा स्थित बाजार से जाने वाला मुख्य रास्ता जोकि मुंब्रा रेलवे लाइन पार करने पर आनंद कोलीवाडा की ओर जाने वाले रास्ते पर रेलवे प्रशासन द्वारा पैदल पुल बनाया गया है इस पैदल पुल की खस्ता हालत को देखते हुए एम आई एम के कलवा मुंब्रा विधानसभा अध्यक्ष सैफ पठान द्वारा लिखित शिकायत पत्र रेलवे प्रशासन को दिया गया है इस पूरे मामले मैं दैनिक मुंबई हलचल के पत्रकार अब्दुल समद खान से बातचीत करते हुए उन्होंने बताया यह पैदल पुल का निर्माण रेलवे प्रशासन की तरफ से वर्ष 1998 में किया गया था जिसमें लाखों रुपए खर्च रेलवे प्रशासन द्वारा किए गए थे लेकिन बड़े अफसोस की बात है जब से यह पैदल पुल का निर्माण किया गया है तब से लेकर आज तक करीब




24 वर्ष के लगभग पूरे होने आए हैं लेकिन दुरुस्ती इस पैदल पुल की मात्र एक बार ही की गई है जिसके कारण यह पैदल पुल आज खस्ता हालत में पहुंच गया है जबकि इस पैदल पुल से रोजाना सैकड़ों लोगों की आवाजाही बनी रहती है जिसमें महिलाएं बच्चे बुजुर्ग दिव्यांग सभी लोग इस पैदल पुल का इस्तेमाल कर मुंब्रा बाजार से आनंद कोलीवाडा बाजार तक जाते हैं उन्होंने बताया आज इस पैदल पुल की हालत यह हो गई है की इसकी रेलिंग पूरी तरह से हिल रही है पायदान सब टूट गए हैं हर तरफ से लोहे की सरिया नजर आ रहा है पैदल पुल का इस्तेमाल करते समय लोहे की सरिया बच्चों के पैरों में घुस रही है कोई लाइट की व्यवस्था नहीं है सारी टाइल्स टूट चुकी है जिससे पानी जमा हो रहा है लोहे की रेलिंग सब सड़ चुकी है खंडर अवस्था में यह पैदल पुल पहुंच चुका है अगर रेलवे प्रशासन द्वारा इस पैदल पुल का गंभीरता से संज्ञान नहीं लिया गया तो भविष्य में बड़ी दुर्घटना घट सकती है गौरतलब बात तो यह है इस पैदल पुल की समय सीमा रेलवे प्रशासन की तरफ से वर्ष 2021 में समाप्त हो चुकी है इस पैदल पुल के जायजा लेने के बाद इसकी खस्ता हालत को देखते हुए रेलवे प्रशासन को लिखित शिकायत पत्र दिया गया और मांग की गई है कि जल्द ही इस पैदल पुल का संज्ञान लिया जाए और उचित कदम इस पैदल पुल के लिए उठाए जाए।

# हांगकांग से मुंबई पहुंची मर्सिडीज-बेंज की टीम, साइरस मिस्त्री की कार हादसे की करेगी जांच

**मुंबई।** टाटा संस के पूर्व चेयरमैन साइरस मिस्त्री की दुर्घटना में मौत की जांच के लिए हांगकांग से मर्सिडीज-बेंज के अधिकारियों का एक दल सोमवार को मुंबई पहुंचा। यह दल उस मर्सिडीज कार का निरीक्षण करेगा, जो पिछले हफ्ते दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। पालघर में हुए हादसे में मिस्त्री और उनके दोस्त की मौत हो गई थी। पालघर के पुलिस अधीक्षक बालासाहेब पाटिल ने बताया, विशेषज्ञों का तीन सदस्यीय दल हांगकांग से मुंबई पहुंचा है। पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में दल मंगलवार को निरीक्षण कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि दुर्घटनाग्रस्त हुई कार को ठाणे में मर्सिडीज बेंज की यूनिट में रखा गया है।



जांच दल मर्सिडीज बेंज कंपनी को अपनी रिपोर्ट सौंपेगा। बता दें कि चार सितंबर को महाराष्ट्र के पालघर जिले में साइरस मिस्त्री की लग्जरी कार सड़क के डिवाइडर से टकरा गई थी। इस घटना में कार की पिछली सीट पर बैठे साइरस मिस्त्री और उनके दोस्त जहांगीर पंडोले की मौत हो गई थी। उस कार को फेमस स्त्री रोग विशेषज्ञ अनाहिता पंडोले चला रही थीं। उनके पति डेरियस पंडोले उनके साथ आगे की सीट पर बैठे थे। हादसे में दंपति घायल हो गए थे। बता दें कि इससे पहले मर्सिडीज-बेंज ने साइरस मिस्त्री की कार के एक्सीडेंट के मामले में अपनी अंतरिम रिपोर्ट पालघर पुलिस को सौंपी थी। रिपोर्ट में कहा गया था कि डिवाइडर से टकराने से पांच सेकंड पहले ही साइरस की गाड़ी के ब्रेक लगाए गए थे। जिसके बाद कार की जांच करने के लिए मर्सिडीज-बेंज कंपनी के विशेषज्ञों की एक टीम हांगकांग से मुंबई आने की बात कही गई थी।

**दुर्घटना से पांच सेकंड पहले ही लगे थे ब्रेक:** पुलिस को सौंपी गई जांच रिपोर्ट में कहा गया था कि हादसे से कुछ सेकंड पहले कार की स्पीड 100 किमी प्रति घंटा थी, जबकि पुल पर डिवाइडर से टकराते समय स्पीड 89 किमी। प्रति घंटा थी। रिपोर्ट के मुताबिक दुर्घटना से पांच सेकंड पहले ही कार के ब्रेक लगाए गए थे। रिपोर्ट में कहा गया था कि हादसे के बाद कार में चार एयर बैग खुले थे, उनमें से तीन ड्राइवर की सीट पर और एक बगल की सीट पर थे।

# 'एल्गार मामले में गिरफ्तार कार्यकर्ता वर्नोन गोंजाल्विस को निरंतर चिकित्सा सुविधा दी गई'

**मुंबई।** एल्गार परिषद-माओवादी संबंध मामले में गिरफ्तार कार्यकर्ता वर्नोन गोंजाल्विस को डेंगू होने की पुष्टि और अस्पताल में भर्ती कराए जाने से पहले ही तबीयत खराब होने की जानकारी मिलने पर जेल में नियमित तौर पर इलाज की सुविधा दी जा रही थी। यह जानकारी जेल अधिकारियों ने सोमवार को राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की विशेष अदालत को दी। नवी मुंबई के तलोजा जेल में न्यायिक हिरासत में बंद 65 वर्षीय गोंजाल्विस को आठ सितंबर को मुंबई के सरकारी जेजे अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां पर उनका डेंगू का इलाज चल रहा है। पिछली सुनवाई में गोंजाल्विस के वकील और परिवार के सदस्यों ने आरोप लगाया था कि जेल अधिकारियों ने कार्यकर्ता को इलाज मुहैया कराने में देरी की और उन्हें बहुत पहले मध्य मुंबई के अस्पताल में भर्ती किया जाना था। अधिवक्ता लार्सन फुरटार्डो ने विशेष एनआईए अदालत में हलफनामा दाखिल किया, जिसमें कहा गया कि उन्होंने सात सितंबर को कार्यकर्ता के कुछ सह आरोपियों का जेल के भीतर 'कानूनी साक्षात्कार' (बातचीत की थी) लिया था। हलफनामा में उन्होंने कहा कि इस दौरान सह आरोपियों ने बताया कि गोंजाल्विस की तबीयत लगातार खराब हो रही है और उन्हें के केवल पैरासिटामोल की गोली और एंटीबायोटिक दी जा रही है।

## (पृष्ठ 1 का समाचार)

### बीएमसी चुनाव में टिकट दिलाने का वादा कर महिला कार्यकर्ता से रेप

पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर केस दर्ज करके एमएनएस के आरोपी नेता को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि महिला को नेता ने आगामी मुंबई निकाय चुनावों के लिए टिकट दिलाने का वादा किया था। उसे टिकट दिलाने की बात कहकर बुलाया और उसके साथ रेप किया। पुलिस ने बताया कि आरोपी नेता पूर्व विभाग प्रमुख या एमएएस का डिवीजन प्रमुख रह चुका है। जिस महिला ने नेता पर रेप का आरोप लगाया है, वह शादीशुदा है। उसने उसने नेता पर वीपी रोड पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई थी। सोमवार को पुलिस ने शिकायत दर्ज की थी, मंगलवार को आरोपी को गिरफ्तार किया गया। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपी और शिकायतकर्ता 2020 से एक दूसरे को जानते हैं। 43 वर्षीय महिला ने अपनी शिकायत में दावा किया कि एमएनएस नेता ने उसे आश्वासन दिया कि वह उसे बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) चुनावों के लिए टिकट दिलाने में मदद करेगा और उसे पार्टी में एक पद भी दिलवाएगा।

### 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक शिंदे सरकार का 'सेवा पखवाड़ा'

मंत्रिमंडल की बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने सभी विभागीय आयुक्तों, जिला कलेक्टरों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संबोधित किया और निर्देश दिया कि इस पखवाड़े में नागरिकों की प्रलंबित समस्याओं और आवेदनों का निपटारा करने का प्रयत्न किया जाए। उन्होंने कहा कि इन 15 दिनों के भीतर निपटाई जाने वाली समस्याओं की समीक्षा मंत्रिमंडल की बैठक में ही की जाएगी। मुख्यमंत्री कार्यालय से जारी बयान में कहा गया है कि इस सेवा पखवाड़े के दौरान 'आपले सरकार', महावितरण, डी.बी.टी., नागरी सेवा केंद्र, विभागों के खुद के पोर्टलों पर 10 सितंबर तक प्राप्त होने वाली शिकायतों का निपटारा करने के निर्देश जिला प्रशासन को दिए गए हैं। इनके तहत मदद और पुनर्वसन, कृषि, राजस्व, खाद्य और नागरिक आपूर्ति, ग्राम विकास, नगर विकास, स्वास्थ्य, पानी आपूर्ति, बिजली विभाग, आदिवासी विकास, सामाजिक न्याय विभागों से जुड़ी शिकायतों का समावेश किया गया है।

### महाराष्ट्र में बारिश का कहर

मुंबई में मौसम विभाग के सांताक्रूज वेधशाला ने 24 घंटे की अवधि में मंगलवार को सुबह साढ़े आठ बजे तक 93.4 मिलीमीटर बारिश दर्ज की, जो मौजूदा मानसून के मौसम में यहां भारी बारिश का एक और दौर है। आईएमडी के एक अधिकारी ने कहा कि कोलाबा वेधशाला ने इसी अवधि के दौरान 59.2 मिलीमीटर बारिश दर्ज की। आईएमडी ने मंगलवार को मुंबई में मध्यम बारिश और पड़ोसी रायगढ़ में उच्च तीव्रता की बारिश का पूवार्नुमान जताया है।मौसम विभाग मौजूदा मौसम प्रणालियों के आधार पर चार रंग आधारित पूवार्नुमान जारी करता है। 'हरा' रंग कोई चेतावनी नहीं को दर्शाता है, पीला रंग निगरानी रखने, नारंगी रंग सतर्क रहने, जबकि 'लाल' रंग चेतावनी तथा उस पर कार्रवाई करने की आवश्यकता को बताता है।

### पूरे पूर्वी लद्दाख से पीछे हटी भारत और चीन की सेना

दोनों देशों की सेनाएं एलएसी के अपने-अपने पक्षों की ओर अपनी जगहों से पीछे हटने और उसके बाद एक-दूसरे की स्थिति का सत्यापन करने पर सहमत हुई थीं। इससे पहले दोनों देशों की सेनाएं गोगरा हॉटस्प्रिंग्स क्षेत्र के पेट्रोल पॉइंट 15 से पूरी तरीके से पीछे हट गई थीं। हालांकि डेमचोक और देपसांग क्षेत्रों में गतिरोध को कम करने में कोई प्रगति नहीं हुई थी। ऐसे में अब बताया जा रहा है कि भारत-चीन के सैनिक पूर्वी लद्दाख के सभी तनाव वाले क्षेत्रों से पीछे हट गए हैं। बता दें, भारत और चीन की सेनाओं ने आठ सितंबर को घोषणा की थी कि उन्होंने क्षेत्र में गतिरोध वाले स्थानों से सैनिकों को हटाने के लिए रुकी हुई प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए पीपी-15 से सैनिकों को हटाना शुरू कर दिया है। एक कार्यक्रम से इतर, पीपी-15 में सैनिकों के पीछे हटने के बारे में पूछे जाने पर थल सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने कहा था, मुझे जाकर जायजा लेना होगा। लेकिन यह (सैनिकों को पीछे हटाने की प्रक्रिया) निर्धारित कार्यक्रम और निर्णय के अनुसार हो रही है। सूत्रों ने कहा कि टकराव वाले स्थान पर बनाए गए सभी अस्थायी बुनियादी ढांचे को नष्ट कर दिया गया है। हालांकि ये पता चल नहीं पाया है कि क्या दोनों पक्ष पीपी-15 पर एक बफर जोन बनाएंगे, जैसा कि पैंगोंग झील के उत्तरी और दक्षिणी तट पर और पिछले साल गश्त चौकी-17 (ए) पर गतिरोध वाले बिंदुओं से सैनिकों को हटाने के बाद किया गया था। बफर जोन में कोई भी पक्ष गश्त नहीं करता है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने नौ सितंबर को कहा कि पीपी-15 में सैनिकों को पीछे हटाने की प्रक्रिया सोमवार तक पूरी कर ली जाएगी।

# हिंदी दिवस का आयोजन, गरवारे में वक्तृत्व स्पर्धा और परिचर्चा संपन्न

**मुंबई।** मुंबई विश्वविद्यालय द्वारा संचालित गरवारे शिक्षण संस्थान के हिंदी पत्रकारिता विभाग द्वारा 'हिंदी दिवस' का आयोजन किया गया। हिंदी पत्रकारिता पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों के लिए 'हिंदी' भाषा पर वक्तृत्व स्पर्धा एवं 'हिंदी और रोजगार' विषय पर परिचर्चा आयोजित की गई। इस अवसर पर अपने अध्यक्षीय संबोधन में गरवारे शिक्षण संस्थान के संचालक डॉ. केयूर कुमार नायक ने कहा कि, हिंदी भाषा और हिंदी भाषी लोगों में आज भी संस्कृति की झलक देखने को मिलती है। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि आज भी हिंदी भाषी अपने वरिष्ठों का पैर छूकर सम्मान करते हैं, उनका आदर करते हैं। महाराष्ट्र हिंदी साहित्य अकादमी के कार्यकारी अध्यक्ष एवं मुख्य अतिथि अभिलाष अवस्थी ने बताया कि आज हिंदी भाषा के दम पर देश के बड़े-बड़े न्यूज चैनलों में एंकर लाखों रुपए की आमदनी कर रहे हैं। उनका कहना था कि यदि भाषा पर प्रभुत्व है तो हिंदी रोजगार उपलब्ध कराने में अधिक सक्षम है। वरिष्ठ पत्रकार राकेश आचार्य ने हिंदी को आज भी रोजगार की भाषा मानते हुए विद्यार्थियों को ब्लॉग इत्यादि लिखने की सलाह दी। हिंदी पत्रकारिता पाठ्यक्रम के समन्वयक सैयद सलमान ने अपने वक्तव्य में कई नामों का उदाहरण देते हुए बताया कि गरवारे शिक्षण संस्थान से हिंदी पत्रकारिता कोर्स करने के उपरांत कई विद्यार्थी आज देश के विभिन्न चैनल्स, समाचार पत्र एवं पीआर एजेंसियों के लिए काम कर रहे हैं। वागीश सारस्वत ने विद्यार्थियों को नियमित तौर पर लिखते रहने के लिए प्रेरित किया। पत्रकारिता पाठ्यक्रम के छात्रों ने वक्तृत्व स्पर्धा के अंतर्गत अपने विचारों को बड़ी बेबाकी और तटस्थता के साथ प्रस्तुत किया। हिंदी के प्रति सभी का समर्पण अतिथियों को बहुत भाया। स्पर्धा के निर्णायक मंडल में शामिल वरिष्ठ स्तंभ लेखक राजेश विक्रांत, वरिष्ठ पत्रकार अभय मिश्रा और धर्मेंद्र पांडे ने प्रथम पुरस्कार कृष्णा शर्मा को, द्वितीय पुरस्कार मृणाली घाग और तृतीय पुरस्कार संयुक्त रूप से साखी गिरी और राधा रानी को देने की घोषणा की। कार्यक्रम में पाठ्यक्रम के फैकल्टी दीपा सिंह, एडवोकेट विजय सिंह, वरिष्ठ पत्रकार विजय सिंह कौशिक, जयप्रकाश सिंह, रत्नेश सिंह, पूर्व बीएमसी शिक्षण अधिकारी राजदेव यादव, क्राइम रिपोर्टर संतोष पांडे, लक्ष्मी यादव, सैयद इरफान, अरुण मिश्रा, पूर्व छात्र अंकित साहा, सुनील सावंत, पुरुषोत्तम कनौजिया, मेघा पटैरिया, प्रीति मिश्रा, सुरेंद्र सिंह और संदीप गुप्ता सहित कई हिंदी प्रेमी उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत में सरस्वती वंदना पूर्व छात्रा प्रो. वंदना सिंह एवं साखी गिरी ने पढ़ी। कार्यक्रम का सूत्र संचालन पूर्व छात्र विनय सिंह ने और आभार प्रदर्शन मोनल भदौरिया ने किया।





# 'द क्रेजी वाईब' डांस चैंपियनशिप में मुख्य अथिति होंगे मुशर्रफ सिद्दीकी

**संवाददाता सैय्यद अलताफ हुसैन**


**नोएडा।** ऐ के डांस क्रू के बैनर तले ईशान म्यूजिक कॉलेज नोएडा सेक्टर-16 में 18 सितंबर 2022 को 'द क्रेजी वाईब' डांस चैंपियनशिप का आयोजन होना है जिसमे संयुक्त पत्रकार महासभा से राष्ट्रीय अध्यक्ष एवम दैनिक अमन के सिपाही के मुख्य सम्पादक मुशर्रफ सिद्दीकी बतौर मुख्य अथिति होंगे। इस बात की जानकारी प्रोग्राम को ऑर्गेनाइज कर रहे खुशी और अतुल ने मीडिया को दी।

# बीएमसी शिक्षण विभाग में हुआ मुशायरा-कविसम्मेलन

**मुंबई।** 'बृहन्मुंबई मनपा शालाओं में भी इतने बड़े कवि और शायर हैं यह देखकर हृदय गदगद हो गया। राष्ट्रीय स्तर के कवि और शायरों ने जिस तरह का प्रस्तुतीकरण किया, मैं वादा करता हूं कि अब इस तरह का कवि सम्मेलन और मुशायरा प्रति वर्ष आयोजित किया जाएगा।' ये विचार हैं बृहन्मुंबई मनपा के शिक्षणाधिकारी राजेश कंकाल के। श्री कंकाल त्रिवेणी संगम सभागार,करीरोड, मुंबई में शिक्षण विभाग द्वारा आयोजित मुशायरा-कवि सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने अपनी स्वरचित कविता सुनाकर खचाखच भरे सभागार को भाव विभोर कर दिया। दूसरे शिक्षणाधिकारी राजू तडवी ने भी कविता सुनाकर खूब वाहवाही बटोरी। इससे पूर्व कार्यक्रम के संयोजक मनपा अधीक्षक निसार खान ने कहा कि, 'हमारी बीएमसी के अनेक शिक्षक हैं जो देश भर में अपनी कविताओं और शायरी से खूब सम्मान पा रहे हैं मगर हमारे अधिकारियों को पता ही नहीं है कि ऐसे व्यक्तित्व हमारे विभाग में भी हैं। मैं चाहता था कि ऐसे लोगों का सम्मान हमारे बड़े अधिकारियों के कर कमलों से हो। बस इसी उद्देश्य को लेकर हमने इसका आयोजन किया '। कार्यक्रम का उत्कृष्ट संचालन किशन पावडे पाटिल ने किया। इस कवि सम्मेलन में पाठ करने के लिए बीएमसी के ही शिक्षकों -शिक्षिकाओं को अनुमति थी। लगभग सत्तर लोगों ने रजिस्ट्रेशन करवाया था मगर सर्वश्रेष्ठ नौ लोगों को काव्य पाठ करने के लिए चयनित किया गया। तीन मराठी कवि,तीन उर्दू शायर और तीन हिंदी कवियों ने काव्यपाठ किया। कस्तूरबा क्रास रोड हिंदी शाला बोरीवली पूर्व के मुख्याध्यापक सुरेश मिश्र ने अपनी हास्य कविताओं से श्रोताओं को लोट पोट कर दिया। हिंदी में श्रीमती भारती श्रीवास्तव, श्रीमती पूर्णिमा पांडेय, मराठी में एकनाथ आह्वाड, विद्या प्रभू, अरविंद पवार और उर्दू में मकसूद आफाक, मोहसिन साहिल,वसीम अकील शाह ने खूब वाहवाही लूटी। अतिथि के रूप में पधारे पूर्व उपशिक्षणाधिकारी रवीन्द्र काले सर ने भी अपनी कविता सुनाई। इस अवसर पर उप शिक्षणाधिकारी श्रीमती सुजाता खरे, अजय वाणी, श्रीमती ममता राव, अधीक्षक अशोक मिश्र, मुख्तार शहा, निसार खान, प्रशासकीय अधिकारी किशन पावडे पाटिल, विजय जाधव, श्रीमती नसरीन, बीओ श्रीमती आरिफा शेख,अश्फाक शेख, विश्वास रोकड़े उर्दू के बड़े शायर डाक्टर जाकिर खान, यूसुफ दीवान, हामिद इकबाल सिद्दीकी सहित तमाम बड़े अधिकारी,शायर और कवि उपस्थित थे। कवि सम्मेलन के बाद कवियों और शायरों का शिक्षणाधिकारी ने प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया।



# बुलंदी साहित्यिक सेवा समिति द्वारा हिंदी पखवाड़े में चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ



**मुंबई हलचल / भैरु सिंह राठौड़**

**राजस्थान।** बुलंदी साहित्यिक सेवा समिति द्वारा हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार के लिए हिंदी पखवाड़े के उपलक्ष्य पर श्री श्री अकादमी नबीनगर, एनटीपीसी, बिहार, के प्रांगण में कक्षा एक से आठवीं तक के विद्यार्थियों के लिए चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसकी संयोजिका उक्त विद्यालय की हिंदी शिक्षिका आदरणीया विनीता जायसवाल जी रहीं। हिंदी के सम्मान में आयोजित इस प्रतियोगिता का विषय 'भारत की है शान हिंदी' रहा। इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य सहित सभी शिक्षिकाओं/शिक्षकों का अद्वितीय योगदान रहा और कार्यक्रम की संयोजिका आदरणीया विनीता जयसवाल जी के उत्कृष्ट संयोजन में यह कार्यक्रम पूर्णतः सफल हुआ। प्रतियोगिता के परिणाम की घोषणा हिंदी दिवस के शुभ अवसर पर की जाएगी तथा बुलंदी साहित्यिक सेवा समिति द्वारा सभी विजेताओं को प्रशस्ति-पत्र भी दिए जाएंगे। इस अविस्मरणीय कार्यक्रम के आयोजन हेतु विनीता जायसवाल जी ने बुलंदी साहित्यिक सेवा समिति के संस्थापक बादल बाजपुरी जी का आभार व्यक्त किया है। मीडिया प्रभारी गुरुदीन वर्मा के अनुसार बुलंदी साहित्यिक सेवा समिति हमेशा हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार और साहित्यिक उत्थान का काम करती है, हाल ही में बुलंदी ने 370 घंटे का वर्चुअल कवि सम्मेलन आयोजित किया जिसमें 35 देशों के 2290 कवियों ने अपने प्रतिभागिता प्रदर्शित की और इसी के साथ बुलंदी साहित्यिक सेवा समिति ने दूसरी बार इंडिया वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराया। यह समिति अब तक दो बार विश्व कीर्तिमान स्थापित कर चुकी है और ऐसे ही निरंतर साहित्यिक सेवाओं में अपनी उत्कृष्ट भूमिका निभाती रहती है तथा नवोदित कलाकारों के उत्थान का कार्य भी करती रहती है। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी गुरुदीन वर्मा ने राजस्थान संपादक भैरु सिंह राठौड़ को दी हैं।

# जीवित माता पिता आदि पितरों की श्रद्धा पूर्वक सेवा करने को श्राद्ध और तृप्त रखने को तर्पण कहते हैं : पुनीत शास्त्री

**मुंबई हलचल / भैरु सिंह राठौड़**

**राजस्थान।** आर्य केन्द्रीय सभा एवं आर्य समाज राजनगर एक्सटेंशन के संयुक्त तत्वाधान में 'श्राद्ध का वैदिक स्वरुप' विषय पर केडीपी ग्रैंड स्वाना, सेन्ट्रल पार्क, राजनगर एक्सटेंशन में यज्ञ एवं प्रवचन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। महायज्ञ के ब्रह्मा आचार्य रामेश्वर शास्त्री जी रहे। यज्ञ के यज्ञमान श्रीमती एवं श्री धर्मेन्द्र चौधरी, श्रीमती एवं श्री राहुल बालियान एवं श्रीमती सुमन एवं श्री लक्ष्मण कुमार आर्य रहे। बिजनौर से आए सुप्रसिद्ध भजनोपदेशक पंडित मोहित शास्त्री जी ने भजनोंपदेश के माध्यम से बहुत ही सुंदर संदेश लोगों को दिया जिसे सुनकर श्रोता भावविभोर हो गए। मेरठ से आए आचार्य पुनीत शास्त्री जी ने बताया कि श्राद्ध का अर्थ होता है श्रद्धा पूर्वक किया गया कर्म और तर्पण का अर्थ होता है तृप्ति करना। यह केवल जीवित पितरों के लिए किए जाने का विधान है। मृत्यु पश्चात हमारे द्वारा दिए गए किसी भी पदार्थ को मृतक ग्रहण नहीं कर सकता है। इसलिए श्राद्ध- तर्पण द्वारा हम अपने जीवित पितरों माता-पिता, दादा-दादी, ताऊ ताई, चाचा चाची, गुरुजन, अतिथियों और धार्मिक व परोपकारी लोगों का यथा योग्य आदर सत्कार करते हैं। जिससे कि वे प्रसन्न होकर हमें अच्छे मार्ग पर चलने, धर्म पालन के लिए, शारीरिक आत्मिक व सामाजिक उन्नति के लिए उपदेश देकर प्रेरित करते रहें और हमें बुराइयों से, अज्ञानता से बचाते रहे। उन्होंने यजुर्वेद के द्वितीय अध्याय के 21 22 23 24 वें मंत्रों में पितर कौन होते हैं, उनका कर्तव्य और उनके प्रति हमारा कर्तव्य क्या होता है, इस पर विस्तार से लोगों को समझाया। मुख्य अतिथि माया प्रकाश त्यागी जी ने पितृपक्ष भय या शोक का विषय नहीं अपितु बड़ों के सेवा सत्कार विषय है। उन्होंने वर्तमान में बुजुर्गों की हो रही उपेक्षा और अवहेलना पर चिंता व्यक्त की। इस अवसर पर मुख्य रूप से सर्वश्री प्रवीण आर्य,केके यादव, नरेश चन्द्र,त्रिलोक शास्त्री,राम निवास शास्त्री, राकेश चौहान, विजेश कर्णवाल, ध्यानसिंह, कर्मवीर सिंह,उमेश जायसवाल, उमेश त्यागी, जय नारायण त्यागी, एम पी गुप्ता,डॉ जी डी अग्रवाल, राजकुमार अरोड़ा,विजय लूथरा, गंगाशरण गुप्ता, के एस डोगरा, हिम्मत सिंह,अविनाश,वेदप्रकाश वर्मा, वीरेन्द्र खारी, सूर्यभान यादव, संदीप महरोत्रा, सुरेन्द्र गुप्ता, जोगेन्द्र सिंह श्रीमती सुदर्शन कुमारी आदि की गरिमामई उपस्तिथि रही। श्रद्धानंद शर्मा ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में बताया कि आज समाज में अंधविश्वास कुरीतिया पाखंड और पाश्चात्य सभ्यता के कारण आज का युवा अपने माता पिता की सेवा ना करके उनको वृद्ध आश्रम में भेज रहे हैं। मंच का संचालन आर्य समाज राजनगर एक्सटेंशन के मंत्री गौरव सिंह आर्य ने किया। प्रधान प्रमोद धनकड़ ने सभी आगंतुकों का धन्यवाद ज्ञापित किया। शांतिपाठ एवं ऋषिलंगर के साथ कार्यक्रम समोन्न हुआ।



# मजहब नही सिखाता आपस में बेर रखना निसार ने दिया पुजा को किया अपना फ्रेश बल्ड दान

**संवाददाता/सैय्यद अलताफ हुसैन**

**जोधपुर।** जोधपुर मे आपसी मिशाल देखना आम बात हे यहा का अपनापन हमेसा ऐसे ही देखने को मिलता रहता हे वही बुधवार को वाय एस एस बल्ड ग्रुप जोधपुर के अध्यक्ष नदीम बक्ष ने बताया की गोयल हास्पिटल मे भर्ती मरीज एक पुजा गंभीर बिमारी से पीड़ित हे उसको डाक्टर ने अर्जेंट फ्रेश बल्ड चड़ाने सलाह दी उसी कड़ी मे तुरंत प्रभाव से वाय एस एस बल्ड ग्रुप के सक्रिय भूमिका निभाने वाले अशफाक हुसैन आफरीदी ने तुरंत प्रभाव से ही रक्त दाता निसार मोयल को पावटा स्थित जोधपुर बल्ड बैंक ले जाकर उनका फ्रेश बल्ड डोनेशन करवाकर मरीज पुजा को नई जिंदगी दी वही रक्त को जोधपुर बल्ड बैंक के ताज मोहम्मद जीतेंद्र सागर व रमेश जी ने एकत्रित करके मरीज पूजा तक पहुँचाने मे पूरा पूरा सहयोग किया जिससे मरीज की जान को बचाया जा सका।



# सुर झंकार द्वारा मुंबई सिनेमा पुरस्कार 2022 का आयोजन

**सुर** झंकार कल्चरल सोसाइटी द्वारा मुम्बई सिनेमा अवार्ड 2022 का भव्य आयोजन मुम्बई के रंगशारदा में किया गया जहां मुख्य अतिथि डॉ राजन हांडा थे। ममता श्रीवास्तव द्वारा आयोजित इस पुरस्कार समारोह में दिलीप सेन, अली खान, आरती राजदान, अगम कुमार निगम और कमल कुमार हंसराज (सोनोटेक कंपनी) सहित कई मेहमान मौजूद रहे, जिन्हे सम्मान से नवाजा गया। गणेश वंदना से इस कार्यक्रम की शुरूआत हुई। सिंगर सुभाष कश्यप ने गीत 'तू गंगा की मौज' सुनाया तो महेंद्र शर्मा ने 'है दुनिया उसी की' गीत गाकर मंत्रमुग्ध कर दिया। संजीव सूरी ने 'इश्क में हम तुम्हे क्या बताएं' और ओम चतुर्वेदी ने 'जो तुम को हो पसन्द वही बात कहेंगे' गाया। सुरीली और वर्षा ने गीत हंसता हुआ नूरानी चेहरा पर डांस किया। सुरीली और वर्षा की टीचर ममता श्रीवास्तव इस प्रोग्राम की ऑर्गनाइजर थीं। सुरीली ममता की बेटी भी हैं। सोनू निगम के पिता अगम कुमार निगम ने 'रंग और नूर की बारात किसे पेश करूँ' गाया। सिंगर उषा तिमोथी जी ने एक गीत जब जब चांद निकला, मुझे तुम याद आए गाया जो तकदीर फिल्म के लिए उन्होंने राजश्री प्रोडक्शन के लिए गाया था। उषा जी ने कहा कि मोहम्मद रफी ने मेरा नाम इस गीत के लिए सजेस्ट किया था। अगम कुमार निगम के साथ उषा जी ने बेखुदी में सनम उठ गए जो कदम गाया। उषा जी ने दिल ने पुकारा और हम चले आए गीत भी गाया। डॉ साक्षी मदान ने यहां डांस पेश किया। उन्होंने कत्थक नृत्य में पीएचडी किया है। ऑर्गनाइजर ममता श्रीवास्तव ने रफी जी और लता जी को ट्रीब्यूट पेश किया। ममता श्रीवास्तव की एक खूबी यह भी यह है कि वह दिव्यांगों को संगीत सिखाती है। ममता श्रीवास्तव ने गीत गाया चिठ्ठी न कोई सन्देश जाने कहाँ चले गए। इस प्रोग्राम में करण राजदान की आने वाली फिल्म हिंदुत्व का भी प्रोमोशन हुआ। फिल्म का टाइटल सांग दिखाया गया। करण राजदान का अवार्ड आरती राजदान ने लिया। सुर झंकार संस्था द्वारा रंग शारदा सभागार में आयोजित किए गए इस कार्यक्रम में कमल रहेजा ने जबरदस्त एंकरिंग करते हुए दर्शकों को बांध कर रखा। कमल रहेजा ने करण राजदान की आने वाली फिल्म हिंदुत्व में एक किरदार भी निभाया है। मुम्बई सिनेमा अवार्ड 2022 से वाइस ओवर आर्टिस्ट संजय केनी को भी सम्मानित किया गया उन्होंने स्टेज मुन्ना और सर्किट की आवाज में मिमिक्री भी की। मिस विनी राणा को उनकी अपकमिंग वेब सीरीज हनीमून डायरी के लिए बेस्ट प्रोमिसिंग न्यू कमर एक्ट्रेस से नवाजा गया। सिंगर उषा जी को मुंबई सिनेमा अवार्ड 2022 से नवाजा गया। डॉ शैलेन्द्र श्रीवास्तव, राजश्री प्रोडक्शन से पीके गुप्ता, विजय उपाध्याय, अली खान को भी पुरुस्कार मिला। अली खान ने ममता श्रीवास्तव की सुरीली आवाज की तारीफ की। दिलीप सेन ने अवार्ड लेने के बाद कहा कि मुम्बई सिनेमा अवार्ड की ऑर्गनाइजर ममता श्रीवास्तव का यह बेहतरीन प्रयास है। संजय केनी, एक्ट्रेस तृप्ति राजपूत, अगस्त्य आनंद, संजीव सूरी, सुभाष कश्यप, महेंद्र शर्मा, वसंत भंडारी, एक्ट्रेस मिनी बंसल को भी इस अवार्ड से सम्मानित किया गया। सुधीर गायकवाड़ ने करीना का अवार्ड लिया। मधु भारती, प्रदीप जैन को भी पुरुस्कार मिला। खास बात यह रही कि दिव्यांग कलाकारों की सहायता के लिए इस प्रोग्राम का आयोजन किया गया। अमरीका में रहने वाली भारतीय मूल की सिंगर अल्का भटनागर का अवार्ड रमाकांत मुंडे ने लिया।अभिलाषा शर्मा को सम्मान मिला। एक दिव्यांग कलाकार ने डांस परफॉर्म करके सबका दिल जीत लिया।



# निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन हुआ

**हितेश सोनी (रामाजी गुडा)**

**नाडोल** कस्बे के रुपमुनि सार्वजनिक धर्मशाला प्रांगण मे पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल भीलों का बेड़ला उदयपुर के तत्वाधान मे कांग्रेस नेता पीसीसी सदस्य डॉ. दुर्गासिहं राठौड की ओर से सोमवार को एक दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा एवं परामर्श शिविर आयोजित हुआ पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हास्पिटल के मार्केटिंग हेड महेन्द्रसिहं राजावत ने बताया कि डां. श्रेया राठौड के नेतृत्व मे आयोजित एक दिवसीय निःशुल्क परामर्श शिविर मे मस्तिष्क रोग, गुर्दा रोग, पेट एवं लीवर रोग, मनो चिकित्सा, कैंसर रोग, हदय रोग, मूत्र रोग, बाल एवं शिशु रोग, प्रसुति एवं स्त्री रोग, मधुमेह, थाइरॉइड, हार्मोन्स रोग, जनरल एवं लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी, नाक, कान, गला रोग, आई वी.एफ, अस्थि रोग, वक्ष एवं क्षय रोग, नेत्र रोग, जनरल मेडिसन, चर्म रोग के विशेषज्ञ चिकित्सको ने सेवाएं देकर मरीजो की जांच कर निःशुल्क दवाईया दी इस मौके देसूरी ब्लॉक कांग्रेस पूर्व अध्यक्ष भैरुसिहं राजपुरोहित, कांग्रेस खादी ग्रामोद्योग प्रकोष्ठ प्रदेश सचिव मदनसिहं राजपुरोहित, नगर कांग्रेस अध्यक्ष अयाज भाई, मांगुसिहं राठौड,व्यापार मंडल विकास समिति अध्यक्ष जगदीशसिहं राजपुरोहित, टिकमचन्द मेघवाल, मदनलाल गर्ग, भरत कुमार रावल, नरेश मेघवाल, जितेन्द्र मेघवाल सहीत गणमान्य नागरिक व ग्रामवासी उपस्थित थे।



# वार्ड नंबर 68 में लगे कचरे के ढ़ेर, नगर निगम आयुक्त को सौंपा ज्ञापन



**संवाददाता/सैय्यद अलताफ हुसैन**

**बीकानेर।** बीकानेर के वार्ड नंबर 68 केसर देसर चौक में बहुत टाइम से कचरे के ढेर लगे हुए हैं पिछले 1 हफ्ते से जमादार घेवर चंद को फोन कॉल से दूरभाष से सूचित किया जा रहा है। उनका एक ही जवाब होता है मैं कुछ नहीं कर सकता आप शिकायत करो वार्ड में कचरा संग्रहण करने के लिए ट्रैक्टर आता है लेकिन केसर देसर चौक के साथ सौतेला व्यवहार किया जाता है और सफाई कर्मचारियों के द्वारा कोई सहयोग नहीं किया जाता है इस संदर्भ में नगर निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपा गया जिसमें मौजूद रहे केसर देसर मोहल्ला विकास एवं संघर्ष समिति के अध्यक्ष श्रवण सिंह सांखला रामदेव सोलंकी मुकेश विजय भाटी प्रेम सिंह दलीप सिंह नारायण भाटी आदि मोहल्ले के लोग मौजूद रहे।


# राजेंद्र सिंह ठिकराणा अखिल भारतीय सीमेंट मजदूर महासंघ के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी बने

**मुंबई हलचल / भैरु सिंह राठौड़**

**राजस्थान** भारतीय मजदूर संघ केंद्र की बैठक 3 व 4 सितंबर को गांधी दर्शन, राजघाट नई दिल्ली, पर आयोजित हुई जिसमें राजेंद्र सिंह ठीकराणा को अखिल भारतीय सीमेंट मजदूर महासंघ में राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी नियुक्त किए गये। राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष शंकरसिंह रावत ने बताया कि भारतीय मजदूर संघ राष्ट्रीय अध्यक्ष हिरेनभाई पांड्या की अध्यक्षता में दो दिवसीय सोशल मीडिया/ प्रिंट मीडिया एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, अभ्यास वर्ग आयोजित किया गया जिसमें राजेंद्र सिंह ठीकराणा को सीमेंट मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया राजेंद्र सिंह ठीकराणा, वर्तमान में बांगड़ सीमेंट में कार्यरत है।



# घाटकोपर एन/विभाग मनपा सहायक आयुक्त संजय सोनावणे के आदेशों को अवैध निर्माणकर्ता व भ्रष्ट मनपा अधिकारी दिखा रहे है ठेंगा




## सहायक अभियंता कैलाश थोरात व कनिष्ठ अभियंता रूपेश नेमाडे की कार्य प्रणाली पर उठ रहे है सवाल





संजय सोनावणे, सहायक आयुक्त एन/वार्ड मनपा घाटकोपर

**मुंबई हलचल / अजय उपाध्याय**

**मुंबई।** घाटकोपर मनपा एन/विभाग प्रभाग क्र.126 जी.के. फैमिली बार एंड रेस्टोरेंट दामोदर पार्क नियर अशोक मिल एल.बी.ई एस मार्ग घाटकोपर (प.) में अवैध निर्माणकर्ता ठेकेदार रवि सिंह उसके सहयोगी कल्पेश भानुशाली व राहत अली सिद्दीक खान द्वारा एन विभाग मनपा में आसीन भ्रष्ट अधिकारियों के सांठ गांठ कर कानून कायदों की धज्जियां उड़ा 35 मीटर ओपन पर और 55 मीटर बांधकाम पहले हुआ था अब इस भूखण्ड पर और ग्राउंड +1 (2000) स्क्वायर फिट अनधिकृत नवनिर्माण किया जा रहा है। उक्त अनधिकृत नवनिर्माण पर 4 महीने से कोई भी नोटिस जारी नही किया गया है, आखिर क्यों? क्या सहायक आयुक्त संजय सोनावणे इस अवैध निर्माण की कार्रवाई का आदेश जारी करेंगे या भ्रष्टाचार की मलाई चाटकर अभयदान देंगे।

## भ्रष्ट व निकम्मे ईमारती अभियंताओ अथवा भूमाफियाओं के बलबूते हो रहा है अवैध निर्माण

# युवा प्रत्याशी बना पूरे जनपद हरिद्वार में चर्चा का विषय

**संवाददाता/फहीम अहमद राज**

**हरिद्वार।** जिले के ब्लाक रुड़की के गांव हलवाहेड़ी में ग्राम पंचायत चुनाव में पुरे जनपद में सबसे युवा प्रधान प्रत्याशी ने गांव में अपनी दावेदारी ठोक कर सभी उम्मीदवारों की धड़कने बढ़ा दी है, और ये युवा उम्मीदवार पुरे हरिद्वार जनपद में चर्चा का विषय बना हुआ हैं। महज 22 साल की उम्र में उन्होंने प्रधानी के चुनाव में खडे होकर हलवाहेडी गांव में प्रधानी का चुनाव लड़ रहे सभी प्रत्याशियों की धड़कनें बढ़ा दी है यह युवा अब्दुल हलीम जनपद हरिद्वार का सबसे युवा प्रधान प्रत्याशी बताया जा रहा हैं। उन्होंने गांव की दयनीय दशा को देखकर चुनावी मैदान में उतरने का मन बनाया और 4 और प्रत्याशियों को मात देते हुए अब तक चुनावी माहौल में आगे नजर आ रहा है। अब्दुल हलीम के गांव का हर शख्स अचंभित है। लोग इसे युवा सशक्तिकरण का बेहतरीन उदाहरण मान रहे हैं। अब पूरे हरिद्वार जिले में इस युवा प्रधान प्रत्याशी की जबरदस्त तारीफ हो रही है। बता दें, अब्दुल हलीम वर्तमान में बी. ए. की पढ़ाई पूरी कर के अब विधि की पढ़ाई कर रहा है। उन्होंने कहा कि गांव की हालत दयनीय है। गांव की इस दशा को देखकर सोचा की प्रधानी का चुनाव लड़ा जाए। ये नहीं पता है कि जीत होगी या नही लेकीन जिस तरह से गांव के सभी समाज और सभी वर्गो साथ मिल रहा है उसको देखकर तो लग रहा की जीत निश्चित है, गौरतलब है कि इस प्रधानी के चुनाव में 4 बड़े-बड़े उम्मीदवार मैदान में है। उन सभी को मात देते हुए ये युवा उम्मीदवार आगे नजर आ रहा है। अब्दुल हलीम की मानें तो हलवाहेड़ी गांव में अब तक जितने भी जनप्रतिनिधि चुने गए, उन्होंने गांव के विकास के लिए किसी भी प्रकार के कार्य नहीं किए। गांव में सड़क, पानी, बिजली, सहित अन्य कई मूलभूत समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं।



# कानपुर में पति के खिलाफ लिखाई जिसकी हत्या की रिपोर्ट, वह प्रेमी के साथ रंगरेलियां मनाती मिली

**संवाददाता/सुनील बाजपेई**

**कानपुर।** प्यार अंधा होता है इसी की पुष्टि करते हुए एक युवती अपने प्रेमी के साथ भाग गई जिसके बाद उसके परिजनों ने उसके पति के खिलाफ उसकी हत्या की रिपोर्ट भी दर्ज करा दी। अब पुलिस इसी मामले संबंधित युवती को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है छानबीन कर रही है क्योंकि जिस महिला को मरा समझकर परिजनों ने पति के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी, वह उन्नाव स्थित अपने मायके में जिंदा और प्रेमी के साथ रंगरेलियां मनाती भी मिली मिली। इस घटना का संबंध बादशाहीनाका थाना क्षेत्र से है जहां के निवासी मोहम्मद गुलाब की पत्नी सीमा (30) उर्फ मन्नी मार्च 2021 से लापता हो गई थी। पुलिस के अनुसार किसी मामले में गुलाब ने बादशाहीनाका थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। मिली जानकारी के मुताबिक सीमा के घर से गायब हो जाने के बाद ही मार्च माह में ही सनिगवां में एक महिला की हत्या कर उसका शव कथरी में लपेटकर फेंका गया था, जिसके छह माह बाद अक्टूबर 2021 में सीमा के पिता उन्नाव गंजमुरादाबाद निवासी मोहम्मद हनीफ उसकी पहचान चकेरी थाने आकर कपड़ों से बेटी सीमा के रूप में करने की साथ ही दामाद मोहम्मद गुलाब और उसके ससुरालीजनों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस के अनुसार इसके बाद डीएनए जांच के लिए सैंपल भी भेजे गये थे। मोहम्मद गुलाब ने बताया कि करीब तीन दिन पहले रिश्तेदारों के माध्यम से पत्नी के मायके में होने की जानकारी हुई। साथ ही यह पता लगा कि वह अपने पुरूष मित्र के साथ गुजरात में रह रही है। जिसके बाद उन्होंने पूरे घटनाक्रम की जानकारी उन्नाव और चकेरी पुलिस को दी। अब इसी मामले में महिला को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस के मुताबिक छानबीन से निकले नतीजे के आधार पर हत्या की फर्जी रिपोर्ट दर्ज कराने वालों को जेल भेजा जाएगा।

# नर्सिंग छात्र संगठन ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

**मुंबई हलचल / भैरु सिंह राठौड़**

**राजस्थान।** नर्सिंग छात्र संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सांवर जोशी ने बताया कि टोंक जिलाध्यक्ष धीरज सिंह चौहान के नेतृत्व में संगठन के जिला उपाध्यक्ष राजकमल सैनी ने मालपुरा रुद्र रामकुमार वर्मा को नर्सेज की आठ सूत्री मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन। ज्ञापन में बताया कि दस साल से चली आ रही संविदा प्रथा को खत्म करते हुए कम से कम बीस हजार पदों पर लिखित परीक्षा से नर्स ग्रेड सेकंड की स्थाई भर्ती करने व कम्यूनिटी हेल्थ ऑफिसर की जल्द भर्ती करने सभी संविदा नर्सेज का वेतनमान 7900 से बढ़ाकर 26500 करने एव सुप्रीम कोर्ट के आदेश निजी अस्पतालों में नर्सेंज का वेतनमान कम से कम बीस हजार प्रतिमाह के आदेशों को कानून बना कर लागू करवाने वह पिछली सरकार के द्वारा निकाली गई ए एन एम और जी एन एम की 2007 से 2018 तक सभी को पूर्ण करने एव निजी अस्पतालों में झोलाछाप नर्सेज तथा गांव में झोलाछाप डॉक्टरों पर सख्त कानूनी कार्रवाई एवं रजिस्टर्ड नर्स को मेडिसिन रखने व लिखने का अधिकार देने की मांग की गई है नर्सिंग छात्र अभिषेक, लोकेश, नरसी, राधामोहन, अजय, राजकुमार, मनीष, प्रेमचंद, विकास, धर्मराज, गणेश, आशुतोष, विजय आदि उपस्थित रहे। उक्त जानकारी धीरज सिंह चौहान ने राजस्थान संपादक भैरु सिंह राठौड़ को दी हैं।



# विटामिन ई के 12 फेस पैक, पिंपल्स से लेकर स्किन व्हाइटिंग के लिए करें इस्तेमाल

बेदाग व निखरी त्वचा पाने के लिए लड़कियां फेशियल, ब्यूटी ट्रीटमेंट और ना जाने क्या-क्या करती है। मगर फेशियल, स्किन केयर प्रॉडक्ट्स या क्रीमों की बजाए आप विटामिन ई कैप्सूल से सभी स्किन प्रॉब्लम को दूर कर सकती हैं। इससे आपको बिना किसी साइड इफैक्ट के ग्लोइंग व बेदाग त्वचा मिल जाएगी।



**विटामिन-ई का केप्सूल** - विटामिन ई कैप्सूल की मदद से आप खूबसूरत निखार पा सकते हैं। इसका चेहरे पर कोई साइड इफैक्ट भी नहीं है। यह केप्सूट मार्कीट में किसी भी मेडिकल स्टोर से आसानी से मिल जाता है। एक हफ्ते तक इस कैप्सून का इस्तेमाल करने से आपके चेहरे पर गजब का निखार आएगा।

**स्किन व्हाइटनिंग के लिए लेमन-विटामिन मास्क**

2 टेबलस्पून नींबू का रस और विटामिन ई के 2 कैप्सूल मिलाकर 15 मिनट तक चेहरे पर लगाएं। इससे आपके चेहरे पर निखार आएगा और स्किन प्रॉब्लम्स भी दूर हो जाएगी।

**डार्क सर्कल्स दूर करने के लिए विटामिन मास्क**

1 चम्मच बादाम तेल में एक विटामिन ए कैप्सूल मिलाएं। इस मिक्सचर से रोजाना रात को सोने से पहले अंडर आई एरिया की मसाज करें। आपको एक ही हफ्ते में इसका रिजल्ट दिखने लगेगा।

**एक्ने के लिए दही-विटामिन मास्क**

2 कैप्सूल विटामिन ई ऑयल में 2 टेबलस्पून दही, 1 टेबलस्पून नींबू का रस और कुछ बूंदें गुलाबजल की मिलाकर चेहरे पर 15 मिनट तक लगाएं। फिर पानी से चेहरा साफ कर लें। इससे ना सिर्फ एक्ने की समस्या दूर होगी बल्कि यह चेहरे पर निखार भी लाएगा।

**झुर्रियों के लिए चंदन-विटामिन फेस मास्क**

2 विटामिन कैप्सूल ऑयल में 2 टेबलस्पून चंदन पाउडर, 1 टेबलस्पून दूध और कुछ बूंदें गुलाबजल की मिक्स करें। इसे कुछ देर चेहरे पर लगाने के बाद सकुर्लेशन मोशन में मसाज करते हुए पानी से चेहरा साफ करें। नियमित रूप से ऐसा करने पर आपको फर्क दिखने लगेगा।

**ग्लोइंग स्किन के लिए पपीता-विटामिन फेस मास्क**

निखरी हुई त्वचा पाने के लिए 2 विटामिन ई कैप्सूल ऑयल में आधे पपीते का पल्प और 1 टेबलस्पून शहद मिलाकर 10-15 मिनट तक चेहरे पर लगाएं। इसके बाद गुनगुने पानी से चेहरा साफ करें।

**स्किन प्रॉब्लम्स के लिए शहद-विटामिन मास्क**

एंटीऑक्सीडेंट गुणों से भरपूर शहद को विटामिन ई कैप्सूल में मिलाकर लगाने से आपको दोगुना फायदा मिलेगा। यह फेस मास्क स्किन को माइश्चराइज करके सभी समस्याओं को दूर करता है। इसके लिए 1 विटामिन ई कैप्सूल ऑयल में 1 टेबलस्पून शहद मिलाकर लगाएं। फिर सकुर्लेशन मोशन में मसाज करते हुए पानी से चेहरा साफ कर लें।

**डेड स्किन के लिए स्ट्रॉबेरी-विटामिन मास्क**

विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर यह फेस मास्क भी सभी ब्यूटी प्रॉब्लम्स दूर करने में मदद करता है। इसके लिए स्ट्रॉबेरी पल्प, 1 टेबलस्पून शहद और 1 विटामिन ई कैप्सूल को मिलाकर 15 मिनट तक चेहरे पर लगाएं। फिर मसाज करते हुए पानी से चेहरा धो लें। इससे डेड स्किन भी निकल जाएगी और चेहरे पर निखार भी आएगा।

**ड्राई स्किन के लिए मिल्क-विटामिन फेस मास्क**

2 विटामिन ई कैप्सूल में 2 टेबलस्पून शहद और 2 टेबलस्पून दूध मिलाकर चेहरे पर 30 मिनट तक लगाएं। फिर पानी से चेहरा साफ कर लें। हफ्ते में 3 बार इस मास्क का इस्तेमाल करने से आपकी ड्राई स्किन की परेशानी दूर हो जाएगी।

**होंठों के लिए विटामिन लिप बाम**

सर्दियों के दिनों में फटे होठों की समस्या आम देखने को मिलती है। ऐसे में इससे छुटकारा पाने के लिए अपने लिप बाम में विटामिन ई मिलाकर इस्तेमाल करें। इससे आपके होंठ ड्राई नहीं होंगे और वह फटेंगे भी नहीं।

**एलोवेरा व विटामिन ई फेस मास्क**

चेहरे को स्मूद और सॉफ्ट बनाने के लिए विटामिन ई के 1 कैप्सूल में 1/2 चम्मच एलोवेरा जेल मिलाकर 2 मिनट मसाज करें। इसे हर रात सोने से पहले लगाएं। अगर ये सॉल्यूशन आपको चिपचिपा लगे तो आप इसे दिन में भी लगा सकती हैं।

**डैमेज स्किन के लिए आलिव ऑयल-विटामिन मास्क**

यह फेस मास्क डैमेज के सही करने के साथ-साथ झुर्रियों, ब्लैकहैड्स जैसी समस्याएं भी दूर करता है। इसके लिए 2 टेबलस्पून में आलिव ऑयल 1 विटामिन ई कैप्सूल ऑयल मिक्स करके चेहरे की मसाज करें और फिर इसे कुछ देर के लिए छोड़ दें। इसके बाद गुनगुने पानी से चेहरा साफ करें।

**मजबूत बालों के लिए अंडा-विटामिन मास्क**

बालों को चमकदार, मुलायम और घने बनाने के लिए हफ्ते में एक बार विटामिन ए की दो कैप्सूल में 3 टेबल्स्पून दही मिलाकर अच्छे से फेंटकर बालों और स्कैल्प पर लगाएं। आप चाहे तो दही की बजाए नारियल या बादाम तेल का भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

# आंवला सिर्फ बालों के लिए ही नहीं, इन 10 प्रॉब्लम्स के लिए भी है वरदान



आंवला असरदार प्राचीन हर्बल दवाओं में से एक है। आंवले का इस्तेमाल प्राचीन काल से बीमारियों के इलाज और ब्युटी के लिए किया जाता रहा है। आंवला में विटामिन सी, कैल्शियम, फास्फोरस, आयरन, कैरोटीन, विटामिन बी, फाइबर और कार्बोहाइड्रेट जैसे तत्व भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं। इसका स्वाद कसेला और थोडा खट्टा मीठा होता है। इसका आचार व मीठा मुरब्बा भी बनाया जाता है। यह सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होता है। आइए जानते हैं कि आंवला खाने से क्या-क्या फायदे होते हैं।

**बालो के लिए फायदेमंद** - बालों की नेचुरल चमक के लिए आंवला फायदेमंद होता है इसके अलावा बालों की सफेदी की प्रॉब्लम को कम करने के लिए और झड़ते बालों के इलाज के लिए आंवला असरदार साबित होता है। अगर आपके बाल बेहद सूखे और पतले हैं तो रोजाना बाल धोने से पहले आंवला के तेल से अच्छी तरह मालिश करें। आंवले का तेल बालों के लिए एक बेहतरीन कंडीशनर का काम करता है। इससे बाल काले, घंने और चमकदार बनते हैं।

**आंखो की रोशनी बढ़ाने में सहायक** - आंवला आंखो के लिए वरदान है। इसमें मौजूद तत्व आंखों की रोशनी को सालों-साल तक बनाए रखते हैं। सुबह खाली पेट आंवले का रस पीने से आंखो की रोशनी जल्दी कम नहीं होती। रोजाना एक चम्मच आंवला के पाउडर को शहद के साथ लेने से लाभ मिलता है और मोतियाबिंद की समस्या भी खत्म हो जाती है।

**डायबिटीज में आंवला होगा असरदार** - अगर आप डायबिटीज के मरीज हैं तो आंवला आपके लिए बहुत काम की चीज है। डायबिटीज से जुझ रहा व्यक्ति अगर आंवले के रस का सेवन शहद के साथ करता है तो उसे अपनी बीमारी से बहुत राहत मिलती है।

**एसिडिटी होगी दूर** - आंवले का रस आप बाहर से खरीद भी सकते हैं या आंवलों को पीसकर आंवले का ताजा रस भी निकाल सकते हैं। एसिडिटी से राहत पाने के लिए खाली पेट आंवला का रस पीएं। इसका लगातार सेवन करने से आप एसिडिटी की दिक्कत से मुक्त हो सकते हैं। दो तीन टुकड़ा ताजा आंवला खाने से आप आसानी से पेट की सारी समस्याओं से राहत पा सकते हैं।

**पथरी में कारगर** - स्टोन होने पर आंवले का सेवन करना चाहिए। आंवला का चूर्ण मूली के साथ खाने से गुर्दे की पथरी निकल जाती है। इसमें अलबूमीन और सोडियम क्लोराइड बहुत ही कम मात्रा में पाया जाता है जिनकी वजह से इन्हें गुर्दे की पथरी के उपचार के लिए बहुत ही उत्तम माना जाता है। इसलिए गुर्दे की पथरी होने पर आंवले का सेवन कीजिए।

**ब्लड की कमी** - रक्त में हीमोग्लोबिन की कमी होने पर, रोज आंवले के रस का सेवन करना काफी फायदेमंद होता है। यह शरीर में लाल रक्त कोशिकाओं के बनने में मदद करता है, और खून की कमी नहीं होने देता।

**बुखार** - बुखार से छुटकारा पाने के लिए आंवले के रस में छौंक लगाकर इसका सेवन करना चाहिए, इसके अलावा दांतों में दर्द और कैविटी होने पर आंवले के रस में थोड़ा सा कपूर मिला कर मसूड़ों पर लगाने से आराम मिलता है।

**शरीर की गर्मी करें कम** - शरीर में गर्मी बढ़ जाने पर आंवला सबसे बेहतर उपाय है। आंवले के रस का सेवन या आंवले को किसी भी रूप में खाने पर यह ठंडक प्रदान करता है। हिचकी तथा उल्टी होने पर आंवले के रस को मिश्री के साथ दिन में दो-तीन बार सेवन करने से काफी राहत मिलेगी।

**मेमोरी पावर बढ़ाएं** - अगर आप भी कोई चीज रखकर अक्सर भूल जाते हैं तो आंवला आपके लिए फायदेमंद हो सकता है। आंवला याददाश्त बढ़ाने में काफी मददगार होता है। इसके लिए सुबह के समय आंवला के मुरब्बा गाय के दूध के साथ लेने से लाभ होता है, इसके अलावा आप प्रतिदिन आंवले के रस का प्रयोग भी कर सकते हैं।

**स्किन की खूबसूरती बढ़ाता है**

अगर आप नेचुरल तरीके से चेहरे के दाग-धब्बों को हटाना चाहती हैं तो आंवले का सेवन करना शुरू कर दें। आंवले का पेस्ट बनाकर चेहरे पर लगाने से स्किन साफ, चमकदार होती है और झुर्रियां भी कम हो जाती हैं।



दैनिक
मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# अपनी एक्टिंग के दम पर अब बड़े पर्दे पर जलवा बिखेरने को तैयार अभिनेत्री शैलजा शुक्ल




**मायानगरी** मुंबई में रोजाना लाखों लोग अपना सपना पूरा करने के लिए आते हैं। कुछ लोग अपना सब कुछ दाव पर लगाकर आते है तो कुछ अपने जुनून को पूरा करने के लिए। देश के हर कोने-कोने से आए लोगों में से सिर्फ कुछ लोगों ही सफलता नसीब होती है। इंडस्ट्री में अपना मुकाम हासिल करने के लिए लोग अपनी जी जान लगा देते है। इसी में से एक हैं मुंबई की रहने वाली 27 वर्ष की मॉडल व अभिनेत्री शैलजा शुक्ल। जी हां शैलजा शुक्ल मॉडलिंग व फिल्म इंडस्ट्री पर आज राज कर रही हैं और अपनी कड़ी मेहनत व लगन के कारण देश व दुनिया में अपना नाम कमाया है। शैलजा शुक्ल का होम टाउन गुजरात के जूनागढ़ है, साथ शैलजा अंग्रेजी, हिंदी, गुजराती भाषा पर अपनी अच्छी पकड़ रखती हैं। अभिनेत्री शैलजा शुक्ल पिछले 7 साल से लगातार थिएटर भी कर रही हैं, और Kumar Pal, Moti shah, Parshvpuram, Tap inner strength, Why Saiyam में जैन प्ले भी किया है। शैलजा शुक्ल की फिल्मी कैरियर की बात करें तो वह Dikri etle kul no divo, Vahu matha ni mali, Preet katari, Bapu kya che जैसी गुजराती फिल्मों में अपनी एक्टिंग का लोहा मनवा चुकी हैं और शैलजा शुक्ल की एक और फिल्म आ रही है जिसका नाम है Happy Divorce Anniversary। साथ प्रॉमिस द बॉन्ड फॉरएवर, देसाई डायमंड जैसी वेबसीरीज में काम कर चुकी हैं। मॉडल व अभिनेत्री शैलजा शुक्ल Water Purifier, Zana chocolates, Bal krishna jewellers का विज्ञापन भी कर चुकी हैं और बड़ी-बड़ी कंपनियों के लिए मॉडलिंग भी कर चुकी हैं। अभिनेत्री शैलजा शुक्ल ने कहा कि आज मैं जो भी कुछ हूं अपनी माँ और परिवार के आर्शिवाद से यहां तक पहुंच पाई हूं। शैलजा शुक्ल ने बताया कि हमारे गुरु विमल उपाध्याय जी ने मुझे बहुत ही सर्पोट किया है, और मैं अभी पंचम वेद प्रोडक्शन भी संभालती हूं। शैलजा शुक्ल को मॉडलिंग व फिल्ड इंडस्ट्री में आज काम की कोई कमी नहीं है। मॉडल व अभिनेत्री शैलजा शुक्ल का सपना है एक बड़ी अभिनेत्री बनने का, उन्होंने कहा कि मुझे पूरा उम्मीद है कि मैं एक दिन जरूर बड़े कलाकार के साथ बड़े पर्दे पर नजर आउंगी। वही मॉडल व अभिनेत्री शैलजा शुक्ल की अगर फैन फॉलोइंग की बात करें तो युवाओं में इनकी फैन फॉलोइंग काफी जबरदस्त है।




# सलमान का खुलासा




**कंट्रोवर्शियल** रियलिटी शो 'बिग बॉस' का 16वां सीजन काफी रोचक और पहले से अलग होने वाला है। कम से कम शो के प्रोमो को देखने के बाद तो ऐसा ही लग रहा है। खासकर मंगलवार को सामने आए शो के नए प्रोमो ने दर्शकों के अंदर उत्सुकता बढ़ा दी है। चैनल ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल से शो का नया प्रोमो साझा किया है, जिसमें सलमान खान के साथ–साथ बिग बॉस के घर के अंदर की झलक दिखाई दे रही है। वीडियो के कैप्शन में चैनल ने लिखा है, नो रूल्स के साथ, इस बार बिग बॉस टाइम। वीडियो में सलमान खान कह रहे हैं, रूल यह है कि कोई रूल्स नहीं। यहां हमेशा फर्स्ट टाइम है और यहां हमेशा लास्ट टाइम है। लेकिन यह 'बिग बॉस' टाइम है। प्रोमो देखने के बाद सोशल मीडिया यूजर्स तरह–तरह के कमेंट कर रहे हैं और अपना एक्साइटमेंट जाहिर कर रहे हैं। वीडियो पर कमेंट करते हुए एक सोशल मीडिया यूजर ने लिखा है, लगता है फुल मारा मारी होगी इस सीजन में। एक यूजर ने लिखा है, बोल तो ऐसे रहे हैं, जैसे हर साल एकदम कड़ाई से रूल्स फॉलो कराते हैं ये लोग और ये क्या इस बार बिग बॉस खेलेंगे? वो तो हर बार खेलते हैं, अपने फेवरेट को बचाते हैं। एक यूजर का कमेंट है, 'फिर तो मार पिटाई भी होगी।' एक यूजर का कमेंट है, ये रूल्स बनाते गए और कंटेस्टेंट रूल्स तोड़ते गए। फाइनली, थक के इस बार कोई रूल्स ही नहीं बनाए।

# रोमांटिक फोटो हुई वायरल



**बॉलीवुड** की डिंपल गर्ल यानि प्रीति जिंटा पिछले काफी समय से फिल्मों से दूर हैं मगर एक्ट्रेस सोशल मीडिया काफी एक्टिव रहती हैं। सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस की काफी तगड़ी फैन फॉलोइंग है। प्रीति अपने चाहने वालों और फैंस के साथ अपनी तस्वीरें और वीडियो शेयर करती रहती हैं। इन दिनों एक्ट्रेस कैरिबियन द्वीप लूसिया में वेकेशन मना रही हैं। प्रीति जिंटा ने अपने इंस्टाग्राम पर अपनी और जीन की रोमांटिक फोटो शेयर की है, इस फोटो में जीन अपनी लवली वाइफ प्रीति के गाल पर किस करते दिख रहे हैं, वहीं एक्ट्रेस के चेहरे पर एक प्यारी सी स्माइल नजर आ रही है। फोटो में दोनों की केमिस्ट्री काफी प्यारी लग रही है।